
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

गलवान एक सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, सलमान खान के साथ काम करने पर बोलीं चित्रांगदा सिंह



पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 338 | FRIDAY DATE 26-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# यूपी का डिफेंस कॉरिडोर जल्द बनेगा वैश्विक पहचान : मोदी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह में कहा कि वो दिन दूर नहीं, जब यूपी का डिफेंस कॉरिडोर दुनिया भर में जाना जाएगा। प्रधानमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि राज्य का डिफेंस कॉरिडोर आने वाले समय में वैश्विक पहचान बनेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक विशाल डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न में जिस ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत पूरी दुनिया ने देखी, उसका निर्माण अब लखनऊ में हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब यूपी का डिफेंस कॉरिडोर विश्व मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अंत्योदय और एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया था। उनका मानना था कि भारत की प्रगति का पैमाना समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की मुस्कान से तय होगा।



पीएम मोदी ने कहा कि इसी विचार को उन्होंने अपना संकल्प बनाया है और सेचुरेशन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी जरूरतमंद सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

उन्होंने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज इस पावन अवसर पर वे महामना मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी और महाराजा बिजली पासी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल उन विचारों का प्रतीक है जिन्होंने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस स्थल पर स्थापित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्तियां जितनी ऊंची हैं, उनसे मिलने वाली प्रेरणा उससे कहीं अधिक ऊंची है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए कदम मिलाकर चलना होगा।

उन्होंने बताया कि जिस 30 एकड़ भूमि पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण हुआ है, वहां वर्षों तक कूड़े-कचरे का पहाड़ लगा हुआ था, जिसे बीते तीन वर्षों में हटाकर यह भव्य स्थल विकसित किया गया। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

पीएम मोदी ने देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत के करोड़ों ईसाई परिवार आज यह पर्व मना रहे हैं और यह उत्सव सभी के जीवन में खुशियां लाए, यही कामना है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर का दिन देश के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था।

## संक्षिप्त ताजा खबरें



### व्हाट्सएप कॉल से 76 लाख की ठगी, पूर्व आईएएस अधिकारी ने सुनाई आपबीती

**अमृतसर, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** पंजाब में रिटायर्ड अधिकारी लगातार साइबर ठगों के निशाने पर हैं। पिछले दिनों पूर्व आईजी अमरजीत सिंह चहल ने कथित तौर पर ठगी का शिकार होने के बाद आत्महत्या करने की कोशिश की। इस घटना के बाद पूर्व आईएएस अधिकारी हरजिंदर सिंह चहल सामने आए हैं, जिनके साथ तकरीबन 76 लाख रुपए की साइबर ठगी हुई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि वह अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए उनके पैसों को वापस कराए। पूर्व आईएएस अधिकारी ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान साइबर ठगी के पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम की वजह से मुझे काफी नुकसान हुआ है। पिछले साल सितंबर में उनके साथ 76 लाख रुपए की ठगी हुई थी, लेकिन अभी तक उनका पैसा वापस नहीं लौटा है।

### छेड़खानी के आरोप में फिल्ममेकर गिरफ्तार

**कोच्चि, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** केरल के कैंटोनमेंट पुलिस ने पूर्व विधायक और फिल्म निर्देशक कुंजु मुहम्मद को अंतरराष्ट्रीय केरल फिल्म महोत्सव के लिए फिल्म चयन के दौरान होटल में कथित छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार किया। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि कुंजु ने उसे होटल के कमरे में बुलाया और गलत व्यवहार किया। पुलिस ने जांच के दौरान उनकी गिरफ्तारी दर्ज की, लेकिन अदालत से पहले ही मिली अग्रिम जमानत के कारण उन्हें तुरंत रिहा कर दिया गया। 20 दिसंबर को कोच्चि की एक अदालत ने कुंजु को अग्रिम जमानत दी थी।



## अटल बिहारी वाजपेयी के दिल के करीब थी रीवा की बघेली भाषा: अमित शाह

**रीवा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के रीवा जिले में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रीवा की बघेली भाषा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिल के बहुत करीब थी और वे अक्सर इसी भाषा में बात किया करते थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह बात राज्य सरकार की प्राकृतिक खेती परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर कही। इस कार्यक्रम से पहले अमित शाह ने ई-कार्ट के जरिए एक गौशाला का निरीक्षण किया और रीवा के बसामन मामा क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी को भी देखा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। बघेली भाषा बघेलखंड क्षेत्र की प्रमुख स्थानीय भाषा है, जिसमें रीवा, सीधी और सतना जिले शामिल हैं। यह भाषा अवधी और भोजपुरी से काफी मिलती-जुलती है।

ट्रेंडिंग न्यूज

## बस ने 2 कारें कुचलीं, 9 की मौत

**चैन्नई , यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सडक हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया।

## मुर्मू ने संथाली भाषा में भारत का संविधान जारी किया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में संथाली भाषा में भारत का संविधान जारी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह सभी संथाली लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है कि भारत का संविधान अब संथाली भाषा में, ओल चिकी लिपि में उपलब्ध है। इससे वे संविधान को अपनी भाषा में पढ़ और समझ सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस वर्ष हम ओल चिकी लिपि की शताब्दी मना रहे हैं। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्री और उनकी टीम की प्रशंसा की, जिन्होंने शताब्दी वर्ष में भारत के संविधान को ओल चिकी लिपि में प्रकाशित करवाया। भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट में बताया गया, अलचिकि लिपि में लिखित संथाली भाषा में भारत के संविधान का लोकार्पण करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह हमारे लिए गौरव एवं प्रसन्नता की बात है कि भारत का संविधान संथाली भाषा में प्रकाशित हुआ है।



## आज पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है : राजनाथ सिंह

**लखनऊ, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण के लिए बधाई देते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए लंबा संघर्ष किया और धारा 370 के विरोध में अपने प्राणों का बलिदान किया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत की आर्थिक और वैश्विक हैसियत अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने दावा किया कि देश में महंगाई दर एक प्रतिशत से नीचे है और विकास दर आठ प्रतिशत से आगे बढ़ रही है।

## केरल में बर्ड फ्लू की दस्तक: पड़ोसी राज्य तमिलनाडु अलर्ट

**चेन्नई, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** केरल में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच1एन1) का पता चलने के बाद, तमिलनाडु के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट ने दोनों राज्यों की सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है और बचाव संबंधी उपायों का आदेश जारी कर दिया है। हाल ही में केरल के अलाप्पुझा और कोट्टायम जिलों से पोल्ट्री फार्म्स के मुर्गे-मुर्गियों के अचानक मरने की खबर आई थी। जिसके बाद केरल के पशुपालन विभाग ने मृत मुर्गे-मुर्गियों के खून के सैंपल पुणे की एक टेस्टिंग लैब में भेजे, जहां जांच में एच1एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई। इसके बाद ही तमिलनाडु में जरूरी निर्देश जारी किए गए। वहीं, केरल सरकार ने प्रकोप वाले इलाकों में जरूरी उपायों को अपनाने पर जोर दिया है। एहतियात के तौर पर, तमिलनाडु के अधिकारियों ने अंतर-राज्यीय सीमा पर निगरानी व्यवस्था चाकचौबंद करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं।

## कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक है धर्म परिवर्तन: धीरेंद्र शास्त्री



**रायपुर, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि देश में धर्म परिवर्तन कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक है और इसके खिलाफ सनातन धर्म एवं हिंदू परंपरा के सभी अनुयायी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन के तीन मुख्य कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और आर्थिक तंगी हैं। इन तीनों कारणों को दूर करने की जिम्मेदारी समाज के समृद्ध और जागरूक वर्ग की है, ताकि हिंदू समाज को मजबूत किया जा सके। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अशिक्षा के कारण लोग जागरूक नहीं हो पाते और अंधविश्वास में फंस जाते हैं, जबकि आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोग लालच में आकर धर्म परिवर्तन की ओर बढ़ जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पूजा-पाठ के विरोधी नहीं हैं, लेकिन पूजा-पाठ के नाम पर कराए जा रहे धर्म परिवर्तन का विरोध करते हैं। उनका कहना है कि समाज को संगठित होकर इन समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करना होगा।

## सौरभ भारद्वाज समेत आम आदमी पार्टी के तीन नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल अहमद खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में दर्ज की गई है। शिकायत के मुताबिक, 17 और 18 दिसंबर 2025 को इन नेताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स से एक वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो कनॉट प्लेस में किए गए एक राजनीतिक स्किट से जुड़ा है। वीडियो में ईसाई समुदाय के



लिए एक पवित्र और सम्मानित धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतीक सांता क्लॉज को मजाकिया और अपमानजनक तरीके से दिखाया गया है। वीडियो में सांता क्लॉज को सड़क पर बेहोश होकर गिरते हुए दिखाया गया और उन्हें राजनीतिक संदेश देने के लिए एक प्रॉप (साधन) की तरह इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं, वीडियो में नकली सीपीआर करते हुए सांता क्लॉज का मजाक उड़ाया गया, जिससे सेंट निकोलस और क्रिसमस पर्व की पवित्रता को ठेस पहुंची।

शिकायत में कहा गया है कि यह सब जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से किया गया, ताकि ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया जा सके। एडवेंट के अंतिम दिनों में धार्मिक प्रतीक का इस तरह राजनीतिक इस्तेमाल करना ईसाई धर्म का अपमान माना गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक रूप से किसी धार्मिक प्रतीक का मजाक उड़ाना भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302 का उल्लंघन है।

दिल्ली पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। शिकायत में कहा गया कि आप नेताओं ने यह सब जानबूझकर और दुर्भावनापूर्वक किया ताकि ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा सके। धार्मिक प्रतीक (सांता क्लॉज) का इस तरह से सियासी इस्तेमाल, ईसाई धर्म का अपमान है।

## संक्षिप्त खबरें

### किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** भोंडसी थाना अंतर्गत आरबीएसएम कॉलोनी में एक किशोरी ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच अधिकारी हरीश ने बताया कि परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं। कोई सदिग्ध बात सामने नहीं आई। मृतका की पहचान बस्ती (उत्तर प्रदेश) के रुआमुआ गांव निवासी निर्मल यादव (16) के रूप में हुई है। परिवार वालों के अनुसार एक साल पहले निर्मल यादव की मां की मौत हो गई थी। इसके बाद से निर्मल दिल्ली के संगम विहार में अपनी बुआ के घर में रह रही थी। एक सप्ताह पहले ही निर्मल के पिता उसे गुरुग्राम लेकर आए थे। परिवार वालों के अनुसार तीन साल पहले निर्मल यादव की बड़ी बहन की भी बीमारी के कारण मौत हो गई थी। घर में दो लोगों की मौतें होने से निर्मल यादव काफी समय से मानसिक रूप से परेशान थीं।

### रंजिश में बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर पर की फायरिंग

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** खेड़कीदौला थाना अंतर्गत बार गुर्जर गांव में मंगलवार की रात करीब 10 बजे पड़ोसी ने बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में सप्लायर बाल-बाल बच गया, लेकिन उनकी कारों में गोलियां लगी हैं। बताया जा रहा है कि पानी निकासी को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हुआ था और इसी रंजिश में गोली चलाई हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी खेतीबाड़ी करता है। बार गुर्जर निवासी व बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर जयबीर राठी (41) ने खेड़कीदौला थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव के ही दिनेश उर्फ धन्नी ने मोबाइल पर कॉल करके धमकी दी थी। दिनेश ने कहा कि अपना पानी रोक ले, नहीं तो गोली मार देगा। जयबीर राठी ने आरोप लगाया है कि 23 दिसंबर की रात करीब 10 बजे दिनेश उर्फ धन्नी अपनी गाड़ी में आया और उस पर गोली चलाई। इस फायरिंग में जयबीर राठी बाल-बाल बच गया और घर के अंदर भागकर चला गया। जयबीर राठी के अनुसार दिनेश उर्फ धन्नी ने भागते समय बाहर खड़ी दो कारों पर गोली चलाईं और मौके से भाग गया। बार गुर्जर गांव में गोली चलने की सूचना मिलते ही खेड़कीदौला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्राइम सीन का निरीक्षण किया।

# अटल जी ने विकास के विजन के साथ देश को बढ़ाया : योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री ह्यभारत रत्नह्ल अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित अटल जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सीएम ने महामना मदन मोहन मालवीय और राजा बिजली पासी की जयंती पर उन्हें नमन किया और क्रिसमस की भी बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज पावन जयंती है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकास के नए विजन के साथ बढ़ाने का कार्य किया। यह वर्ष विशेष है, अटल जी के जन्मशताब्दी महोत्सव का आयोजन पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।



अटल की कविताओं के काव्य पाठ, उनके लेखन पर वाद-विवाद, पत्रकारिता, संसद और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अटल जी महत्वपूर्ण भाषण आदि को लेकर पूरे देश में शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं में अनेक कार्यक्रम भी हुए। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की पैतृक भूमि उत्तर प्रदेश के आगरा के बटेश्वर में है। उनकी उच्च शिक्षा कानपुर में हुई और सार्वजनिक जीवन की शुरूआत बलरामपुर से हुई थी। संसद में उन्होंने सर्वाधिक समय तक उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अटल बिहारी वाजपेयी जी का विराट व्यक्तित्व व कृतित्व देशवासियों को प्रेरणा प्रदान करता है।

सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने और विचार परिवार को निरंतरता देने के लिए डबल इंजन सरकार ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया है। यहां भारत की तीन महान विभूतियों की प्रतिमाएं व डिजिटल म्यूजियम भी है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा राष्ट्र के प्रति एकता व अखंडता का संदेश देगी। पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का संकल्प व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा समरसता के साथ ही ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्ल के अभियान को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाएगी। पीएम के करकमलों से राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण होगा।

सीएम योगी ने पं. मदन मोहन मालवीय को भी याद किया। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रवादी नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय की भी आज पावन जयंती है। मालवीय जी का स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने 1916 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर देशवासियों को दृष्टि दी। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने महाराजा बिजली पासी की पावन जयंती पर उन्हें भी नमन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ के महान योद्धा बिजली पासी ने भारत की सनातन परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विदेशी हुकुमतों की जड़ों को उखाड़ फेंका था।

## सीएम रेखा गुप्ता ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि, उनकी दूरदर्शिता और दिल्ली मेट्रो विरासत को किया याद

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनकी स्मृति स्थली सदैव अटल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी भावनाएं साझा करते हुए लिखा, जन-जन के प्रिय, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर उनकी स्मृति स्थली सदैव अटल जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धेय अटल जी का जीवन दर्शन, उनके आदर्श और उनका विचार-पथ सदैव हमें राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अग्रसर करता रहेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक अन्य पोस्ट में अटल जी की दूरदर्शिता को याद किया। उन्होंने लिखा कि 24 दिसंबर 2002 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली मेट्रो का शुभारंभ किया था और वे स्वयं इसके पहले यात्री बने। यह महज एक उद्घाटन नहीं, बल्कि दिल्ली के भविष्य को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक क्षण था।



उन्होंने आगे लिखा कि अटल जी ने मेट्रो को केवल परिवहन परियोजना नहीं, बल्कि आधुनिक सोच, पारदर्शी व्यवस्था और जिम्मेदार शहरी विकास का प्रतीक माना। आज उनकी जन्मजयंती पर दिल्ली गेट से लाजपत नगर तक की मेट्रो यात्रा उसी दूरदर्शी सोच को नमन है।

मुख्यमंत्री ने युवा साथियों और यात्रियों से संवाद किया और मेट्रो के माध्यम से दिल्ली को मिल रहे लाभों पर सार्थक चर्चा की।

उन्होंने कहा, अटल जी ने दिल्ली को आज के लिए नहीं, आने वाले कल के लिए तैयार किया। दिल्ली मेट्रो उसी सोच की जीवंत विरासत है, जहां सुशासन, सुविधा और भविष्य की तैयारी साथ-साथ चलती है। मजबूत निर्णय और साफ नीयत से कैसे पीढ़ियों के लिए समाधान बन जाते हैं, यह यात्रा हमें याद दिलाती है।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सुशासन, एकता और विकास का प्रतीक रहा है। उनकी जयंती को भारत सरकार द्वारा ह्यसुशासन दिवसह्ल के रूप में मनाया जाता है। दिल्ली सरकार ने भी उनके सम्मान में अटल कैंटीन योजना शुरू की, जहां गरीबों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन मिल रहा है।

## भारत में पेट्रोल पंप की संख्या 1 लाख पार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फ्यूल रिटेल मार्केट बन गया है। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर अंत तक देश में पेट्रोल पंप की संख्या 1,00,266 पहुंच गई है।

पेट्रोल पंप नेटवर्क के मामले में भारत अब अमेरिका और चीन से पीछे है। राजमार्गों और ग्रामीण इलाकों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकारी और निजी कंपनियों ने पिछले एक दशक में अपना नेटवर्क करीब दोगुना कर लिया है। दुनिया में सबसे बड़ा पेट्रोल पंप नेटवर्क अमेरिका का है। अमेरिका में पेट्रोल पंप की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में खुदरा पेट्रोल पंप की संख्या 1,96,643 थी। तब से कुछ पंप बंद हो चुके होंगे। वहीं, पिछले साल एक रिपोर्ट में चीन में पेट्रोल पंप की संख्या 1,15,228 बताई गई थी। चीन की कंपनी चाइना पेट्रोकेमिकल कॉरपोरेशन (सिनोपेक) 30,000 से ज्यादा पंपों के साथ वहां की सबसे बड़ी रिटेलर है, लेकिन भारत की आईओसी का नेटवर्क (41,664 पंप) सिनोपेक से भी कहीं बड़ा है। देश में पेट्रोल पंपों का नेटवर्क बहुत तेजी से बढ़ा है।

# नोएडा की एक सोसाइटी के फ्लैट में लगी आग, समय रहते फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**» नोएडा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

नोएडा के सेक्टर-108 स्थित प्रैक्स सोसाइटी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सोसाइटी में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने फ्लैट छोड़कर बाहर निकल आए। देखते ही देखते धुएं का गुबार पूरे टावर में फैल गया, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रैक्स सोसाइटी की है। फायर विभाग को गुरुवार को सूचना मिली कि सोसाइटी के एक फ्लैट में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के लिए रवाना होकर मोर्चा संभाल लिया। मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। फायर विभाग की टीम जब



घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि आग सोसाइटी के एक टावर के चौथे तल्ले पर स्थित एक फ्लैट के सर्वेंट रूम में लगी हुई थी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग की शुरूआत पहले किचन एरिया से हुई, जिसके बाद वह सर्वेंट रूम तक फैल गई। आग की लपटें और धुआं देखकर लोगों में डर का माहौल बन गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। फायर सर्विस यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया और आसपास के फ्लैटों को सुरक्षित रखा।

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर फायर विभाग की टीम कुछ देर से पहुंचती तो आग और भयावह रूप ले सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी।

घटना के बाद सोसाइटी प्रबंधन ने भी फायर सेफ्टी व्यवस्था की समीक्षा करने की बात कही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इलाके में सामान्य स्थिति बहाल हो चुकी है।

## ईडी की डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई: असम की रूमी कलिता गिरफ्तार, 11 स्थानों पर छापेमारी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर जोनल ऑफिस ने डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी के एक बड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। ईडी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में कुल 11 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई, जो लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री एस. पी. ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट मामले से जुड़ी है। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और अन्य सबूत बरामद किए गए और जब्त कर लिए गए।

ईडी ने लुधियाना के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में बीएनएसएस, 2023 के तहत दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर जांच शुरू की थी। बाद में इसी गिरोह से जुड़े 9 अन्य एफआईआर को भी इस जांच




में शामिल किया गया। जांच में सामने आया कि धोखेबाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर और जाली आधिकारिक व न्यायिक दस्तावेजों का इस्तेमाल कर एस. पी. ओसवाल को 7 करोड़ रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। इनमें से 5.24 करोड़ रुपए बरामद कर पीड़ित को वापस कर दिए गए, जबकि बाकी राशि म्यूल खातों (मजदूर, डिलीवरी बॉय आदि के नाम पर) में ट्रांसफर कर दी गई। इन खातों से पैसा तुरंत नकद में निकाला गया या आगे डायवर्ट कर दिया गया। ईडी ने पाया कि ठगी की रकम को एक समूह द्वारा तुरंत म्यूल खातों में डायवर्ट किया जाता था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# संजय मौत कांड में पुलिस की भूमिका संदिग्ध: वरिष्ठ अधिवक्ता मुल्खराज महता

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर। संजय मौत कांड में जिला हिसार के वरिष्ठ अधिवक्ता मुल्खराज महता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह मामला साधारण नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से पुलिस हिरासत में हत्या की ओर संकेत करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा पेश किए गए तथ्य न केवल विरोधाभासी हैं, बल्कि यह जांच में गंभीर लापरवाही और पक्षपात को दशार्ते हैं। अधिवक्ता महता ने पुलिस की उस दलील को झूठा करार दिया जिसमें कहा गया था कि संजय के घर से खून और खून से सनी कमीज मिली है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि संजय को घर में चोटें



लगी होतीं, तो पुलिस उसके तुरंत मेडिकल करवाती, स्टेटमेंट दर्ज करती और चोटों की रिपोर्ट मंगाली चौकी के रोजनामचा में दर्ज होती। इससे यह स्पष्ट होता है कि जब पुलिस संजय को चौकी लेकर गई, तब उसके शरीर पर एक भी चोट नहीं थी।

महता ने आगे बताया कि माननीय सीजेएम द्वारा की गई जांच में चौकी के मौजूद कर्मचारियों ने स्वयं स्वीकार किया कि रात करीब 10 बजे संजय सो रहा था और खरार्टे ले रहा था। उन्होंने प्रश्न उठाया कि – ह्लक्या 22 चोटों से घायल कोई व्यक्ति सो सकता है या खरार्टे ले सकता है?ह्व यह तथ्य साफ तौर पर दशार्ता है कि चोटें संजय को चौकी में ही लगीं, जिससे यह मामला पुलिस हिरासत में हुई मौत का बनता है। उन्होंने पुलिस पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि यह जानते हुए भी कि संजय दलित समुदाय (चमार) से था, पुलिस ने जानबूझकर एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट की धारा नहीं जोड़ी।

# स्वदेशी मेले में अटल जी के जन्मोत्सव पर एक शाम अटल जी के नाम पर स्वदेशी कवि सम्मेलन हुआ आयोजित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

पंचकूला के परेड ग्राउंड में स्वदेशी महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया है। इस भव्य और दिव्य स्वदेशी कवि सम्मेलन के आयोजक स्वदेशी जागरण मंच के उत्तरक्षेत्र अध्यक्ष डॉ राजेश गोयल रहे।इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता बीजेपी अध्यक्ष अजय मित्तल ने की। गरिमामयी उपस्थिति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक रमाकांत भारद्वाज की रही।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रुपाली, विनीत जैन रहे। स्वदेशी कवि सम्मेलन का सफल संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के उत्तर भारत प्रभारी डॉ सुरेंद्र सिंगला ने किया। प्रख्यात राष्ट्रवादी कवि डॉ हरिओम पवार ने अपने ओजस्वी कविताओं से महोत्सव में आए हुए श्रोताओं को भाव



विभोर कर दिया। गुरुग्राम के सुंदर कटारिया ने लोगों को खूब हंसाया। स्वदेशी भजन गायिका मंजू चौहान के गीतों को भी खूब सराहाया गया। सविता सावी की पुस्तक का विमोचन हृदय सम्राट कवि हरिओम पवार द्वारा किया गया। युवा कवि यश कंसल, दास आरोही आनंद, प्रतिभा माही एवं दिल्ली से आई कवियत्री खुशबू की कविताओं ने भी लोगों के मन मोहा ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला सहसंयोजक अरुण गर्ग, मेला अध्यक्ष रजनीश गर्ग, समाजसेवी प्रदीप गर्ग , लॉयन नवीन कंसल , यश गर्ग , विनीत जैन, अशोक जिंदल, संजय जैन, दिनेश गुप्ता, बुधराम बंसल, दीपक गर्ग, टोनी गुप्ता ,अनीश , राजकुमार गोयल ,की अहम भूमिका रही।

# यूपीएससी परीक्षा परिणामों पर भ्रामक विज्ञापन, कोचिंग संस्थान पर लगा 11 लाख रुपए का जुर्माना




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए विजन आईएएस (अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इस संस्थान ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022 और 2023 के परिणामों से संबंधित अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित किए थे। जांच में पता चला कि संस्थान ने यूपीएससी परीक्षा में 119 से अधिक सफल उम्मीदवारों का दावा किया था, लेकिन इनमें से केवल तीन उम्मीदवारों ने ही इनके फाउंडेशन कोर्स में दाखिला लिया था।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के मुताबिक विजन आईएएस ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शीर्ष 10 में 7 और शीर्ष 100 में 79 चयन जैसे भ्रामक दावे किए। वहीं सीएसई 2022 में शीर्ष 50 में 39 चयन जैसे दावों का विज्ञापन भी किया था। इसमें सफल उम्मीदवारों के नाम, तस्वीरें और रैंक प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए थे।

हालांकि जांच करने पर, सीसीपीए ने पाया कि संस्थान ने शुभम कुमार (यूपीएससी सीएसई 2020 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले) द्वारा चुने गए विशिष्ट पाठ्यक्रम, अर्थात जीएस फाउंडेशन बैच (कक्षा छात्र) का खुलासा तो किया, लेकिन जानबूझकर अन्य सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी छिपा दी गई। जिनके नाम और तस्वीरें उसी वेबपेज पर उनके साथ प्रदर्शित की गई थीं। इस छिपाव से यह भ्रामक धारणा बनी कि शेष सभी उम्मीदवार भी जीएस फाउंडेशन बैच क्लासरूम कोर्स में नामांकित थे, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं था। इसके अतिरिक्त, उसी विज्ञापन में संस्थान ने अपने फाउंडेशन कोर्स का प्रमुखता से प्रचार किया.

# नोएडा में मोबाइल चोरी का वांछित गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में मोबाइल और पार्ट्स बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

नोएडा के थाना सेक्टर-142 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और छिनैती के मामलों में वांछित चल रहे शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से न केवल 33 चोरी और छिनैती के मोबाइल फोन बरामद किए हैं, बल्कि मोबाइल फोन के पार्ट्स का भी भारी जखीरा जब्त किया है। बरामद सामान में विभिन्न कंपनियों के 63 मोबाइल डिस्प्ले, 72 मोबाइल फ्रेम और 84 मोबाइल बैटरियां शामिल हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि अभियुक्त संगठित तरीके से चोरी के मोबाइल को पार्ट्स में तोड़कर बेचने का काम करता



था। पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-142 पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी और छिनैती के मामले में वांछित अभियुक्त अमन कुमार को सेक्टर-138 स्थित एक पार्क से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 23 दिसंबर 2025 की रात को इसी गिरोह के तीन अन्य सदस्यों राजकुमार, कृष्ण कुमार और सुल्तान उर्फ मयंक को गिरफ्तार किया गया था। इन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक केटीएम ड्यूक मोटरसाइकिल, तीन स्मार्ट मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद किए गए थे। इस गिरफ्तारी के बाद से अमन कुमार फरार चल रहा था, जिसे अब दबोच लिया गया है। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन चोरी और छिनैती करता था। चोरी किए गए मोबाइल फोन को सीधे बेचने के बजाय वह उनके पार्ट्स अलग-अलग कर देता था और फिर अलग-अलग स्थानों पर बेच देता था..

# रेलवे का बढ़ा हुआ किराया आज से लागू, हर किलोमीटर पर 1-2 पैसे ज्यादा लगेंगे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** रेलवे ने साफ किया है कि उन यात्रियों को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा, जिन्होंने 26 दिसंबर के पहले टिकट बुक कर लिया है, भले ही वे इस तारीख के बाद यात्रा करेंगे। 21 दिसंबर को रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए 26 दिसंबर से किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मीडिया से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 26 दिसंबर या उसके बाद टीटीई यात्रा के दौरान ट्रेन या स्टेशन पर जो टिकट बनाएंगे, उस पर बढ़ा हुआ किराया लगेगा। रेलवे का बढ़ा हुआ किराया 26 दिसंबर से लागू हो रहा है। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे।

# वाजपेयी के सिद्धांतों पर भाजपा सरकार का सर्वांगीण विकास: रणवीर गंगवा

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर स्थानीय एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में देशहित को सर्वोपरि रखा। उनकी सोच ह्लराष्ट्र प्रथमह्व की रही और इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश तथा हरियाणा प्रदेश का तेजी से, पारदर्शी तरीके से समग्र विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ है–जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना है। हरियाणा सरकार इन सभी मोर्चों पर मजबूती से काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए एसडी महिला महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा पर किया गया निवेश समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक प्रधानमंत्री नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्कार और एक युग थे।

विधायक ने कहा कि हांसी क्षेत्र में अटल जी की स्मृति को स्थायी रूप देने के लिए हांसी में बनने वाले मल्टीपरपज हॉल, चार कुतुब गेट तथा गैस एजेंसी रोड का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जिला बनने के बाद हांसी में विकास की गति और तेज होगी । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन भी दिया।



भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने भारतीय राजनीति को शालीनता, विचार और संवाद की नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार अटल जी के सपनों को साकार करते हुए गरीब, किसान, महिला और युवा सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्य नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक विनोद भयाना एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला बनने के बाद हांसी में यह पहला जिला स्तरीय कार्यक्रम है, जो प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय का उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के माध्यम से प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।

सुशासन दिवस समारोह में डॉ लोकेश शर्मा तथा विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा एसडी महिला महाविद्यालय की छात्रों द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित गीत व भाषण की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से की।इस दौरान राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह कार्यक्रम को भी लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, राजपाल यादव, तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी, कर्मचारी, छात्राएं एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता बोले- बांग्लादेश की घटनाएं दुखद, भारत सरकार उठाए कदम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

बांग्लादेश में मौजूदा हालात को लेकर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप और ठोस नीति अपनाने की मांग की है। पूर्णिया से सांसद और कांग्रेस नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने इसे दुखद बताते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो घटनाएं हो रही हैं, उन्हें रोका जाना चाहिए।

पप्पू यादव ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, ह्लमैंने अपने जीवन में इतनी कमजोर सरकार कहीं नहीं देखी। भारत अगर सख्ती दिखाए तो बांग्लादेश पर असर पड़ेगा। भारत और बांग्लादेश के ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध रहे हैं, लेकिन मौजूदा समय में भारत की विदेश नीति कमजोर नजर आ रही है, जिससे नेपाल



और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देश भी आंखें दिखाने लगे हैं।

पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने और भारत में मौजूद बांग्लादेशी प्रतिनिधियों से बातचीत करने की मांग की। वहीं, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर कांग्रेस नेता उदित राज ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ह्लबांग्लादेश के दूतावासों और बंगाल में विरोध प्रदर्शन हुए, लेकिन इसके बजाय देश की सरकार के खिलाफ क्यों प्रदर्शन नहीं हुए? क्यों सरकार से बांग्लादेश पर सीधी कार्रवाई की मांग नहीं की जा रही? उदित राज ने कहा कि बांग्लादेश एक छोटा देश है और उस पर दबाव बनाकर हालात सुधारे जा सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर भारत सरकार सख्त कदम उठाए तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तुरंत रुक सकते हैं। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हुए अत्याचार के विरोध में भारत में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लॉट दिलाने के नाम पर दुबई के व्यापारी से 30 लाख हड़पे

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** दुबई में कारोबार करने वाले वसुंधरा सेक्टर तीन निवासी दिनेश चंद्र शर्मा ने दो लोगों पर प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इनमें पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा निवासी जितेंद्र कुमार और संजय भांवरी हैं। वसुंधरा सेक्टर पांच स्थित प्लॉट संख्या 7/25 में एक प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 30 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। पुलिस ने 23 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में दुबई में रहकर वहां अपना कारोबार कर रहे हैं। जनवरी 2025 में आरोपियों ने उनसे संपर्क किया और उन्हें 163.30 मीटर का एक प्लॉट दिलाने की बात कही। 31 जनवरी 2025 को उन्होंने नाओ ऑरी ट्रिप प्लानर नाम से संचालित संजय भांवरी के बैंक खाते में 10 लाख रुपये भेज दिए। इसके अलावा 20 लाख रुपये नगद मुहैया करा दिए।

### ड्यूटी से लौटी पत्नी, फंदे से लटका मिला पति का शव

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** थानाक्षेत्र के मोहन नगर औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले संभल स्थित ताहरपुर बहरौली के मूलनिवासी विकास कुमार (30) का शव 23 दिसंबर को कमरे में फंदे से लटका मिला। दोपहर में जब उनकी पत्नी ऊषा ड्यूटी से लौटीं तब उन्हें जानकारी हुई। कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि विकास और उनकी पत्नी एक ही फैक्टरी में कार्यरत थे। दोनों एक साथ ही सुबह में ड्यूटी जाते थे। मंगलवार सुबह विकास कुमार ने तबीयत खराब होने की बात कहकर ड्यूटी जाने से मना कर दिया। ऊषा फैक्टरी चली गईं।

## नोएडा में क्रिसमस का जश्न, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद: गलत पार्किंग पर सख्ती, मॉल और चर्चों में उमड़ी भीड़

**» नोएडा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

नोएडा में क्रिसमस के मौके पर उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख चर्चों और मॉल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है। नोएडा के कई बड़े मॉल में 40-40 फीट ऊंचे भव्य क्रिसमस ट्री लगाए गए हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। क्रिसमस की छुट्टी और त्योहार के चलते बाजारों, मॉल और चर्चों में जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है।



भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए नोएडा पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस ने साफ फरमान जारी किया है कि आज क्रिसमस के दिन मॉल के बाहर सड़कों पर या चर्चों के सामने सड़क पर यदि कोई भी वाहन अवैध रूप से खड़ा पाया गया, तो उस पर भारी चालान किया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि गलत पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है और आपात स्थिति में परेशानी खड़ी हो सकती है, इसलिए किसी भी सूरत में सड़क किनारे पार्किंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस टीमों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों, मॉल और प्रमुख बाजारों में डॉग स्क्वायड और अन्य विशेष टीमों के साथ निरीक्षण किया।

संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा इंतजामों की निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। शहर के प्रमुख चौराहों, मॉल, चर्च और बाजारों में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

# पीयूसी जांच में लापरवाही पर सख्ती: 27 केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

### सीएम ने कहा- सरकार स्थायी समाधान के लिए सक्रिय

**» दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

दिल्ली सरकार ने पीयूसी जांच में लापरवाही बरतने वाले 27 केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार सिर्फ अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्रवाई पेट्रोल पंपों पर तैनात निगरानी टीमों की



रिपोर्ट के आधार पर की गई है। राजधानी के करीब 500 पेट्रोल पंपों पर तीन शिफ्ट में 24 घंटे पीयूसी जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण का बड़ा कारण है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने पीयूसी जांच को व्यापक और प्रभावी बनाया है। राजधानी के पेट्रोल पंपों पर 24৭7 पीयूसी जांच के लिए 3,000 डीटीसी ड्राइवरों को तैनात किया गया है, जो प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को ईंधन लेने से रोक रहे हैं।

### साफ हवा के लिए ढिलाई नहीं बरती जाएगी - रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार फौरी और दीर्घकालीन, दोनों स्तरों पर काम कर रही है। अलाव जलाने, कोयला-लकड़ी के इस्तेमाल और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर भी लगातार कार्रवाई कर रही है। उनका कहना है कि दिल्ली में साफ हवा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सीएम ने बताया कि डीटीसी के करीब 600 सरप्लस ड्राइवरों को अस्थायी रूप से ट्रैफिक पुलिस के साथ जोड़ा गया है। ये ड्राइवर ट्रैफिक संचालन में मदद कर रहे हैं, जिससे जाम कम हो रहा है और वाहनों का अनावश्यक उत्सर्जन भी घट रहा है। सरकार का मानना है कि बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था से भी प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी।

### एंटी-स्मॉग गन को लेकर बदला फैसला

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारी और कम प्रभावी एंटी-स्मॉग गन की जगह मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जाएंगे। राजधानी के मॉल, होटल और कार्यालय भवनों में लगे 148 एंटी-स्मॉग गन की जगह यह नया सिस्टम लगाया जाएगा। मिस्ट स्प्रे सिस्टम हल्का है, कम पानी खर्च करता है। सरकार जल्द ही नियमों में बदलाव कर ऊंची इमारतों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाने की अनुमति देगी।

### वायु गुणवत्ता की निगरानी होगी मजबूत

फिलहाल दिल्ली में 40 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन काम कर रहे हैं। इनमें डीपीसीसी, आईआईटीएम, सीपीसीबी और केंद्र सरकार के स्टेशन शामिल हैं। अब सीएक्यूएम के निर्देश पर छह नए निगरानी स्टेशन लगाए जाएंगे। ये स्टेशन इग्नू, जेएनयू, इसरो अर्थ सेंटर, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स सेंटर और एनएसयूटी (पश्चिमी परिसर) में स्थापित होंगे।

## फ्लैट के नाम पर ठगी, बिल्डर व बैंक प्रबंधक समेत चार पर प्राथमिकी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** अहिंसाखंड दो स्थित मेसर्स ऋषभ बिल्डवैल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संजीव जैन और उनकी पत्नी कविता जैन समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। 23 दिसंबर को दर्ज हुए मामले में नोएडा सेक्टर 62 स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के प्रबंधक को भी शामिल किया गया है। आरोप है कि बिल्डर ने इंदिरापुरम स्थित हिंडन ग्रीन वैली प्रोजेक्ट में फ्लैट देने के बहाने करीब 26.63 लाख रुपये लेकर हड़प लिए। फ्लैट न मिलने पर जब तकादा किया तब आरोपियों ने पीड़ित को धमकी भी दे डाली। यह आरोप दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी राजीव जैन ने लगाए हैं। दर्ज मामले में राजीव जैन ने बताया कि 20 अक्तूबर 2016 को उन्होंने बिल्डर से संपर्क किया था। बिल्डर ने उन्हें हिंडन ग्रीन वैली के 11वें तल पर एक दो बीएचके फ्लैट दिलाने का सौदा करीब 63.84 लाख रुपये में हुआ। बयाना बतौर 2.74 लाख रुपये उन्होंने बिल्डर के बैंक खाते में भुगतान किया। इस तरह आरोपियों ने कुल 26.63 लाख रुपये भी ले लिए और फ्लैट भी नहीं दिया।

## व्यापारियों ने बाजारों में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम का मुद्दा उठाया

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** व्यापार बंधु की बैठक में बाजारों में अतिक्रमण, शहर में सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक से संबंधित समस्याएं, रमते राम रोड पर स्थित पक्का तालाब को औषधी तालाब में परिवर्तित करने की मांग की। व्यापारियों का कहना था कि प्रमुख बाजारों में समय-समय पर साफ-सफाई कराई जाए और यहां भयंकर जाम की स्थिति रहती है इसके लिए कोई व्यवस्था कराई जाए। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक में उठाए गए सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाए। इस दौरान जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन हक, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, विनिता सिंह, सुजाता सिंह, व्यापारी संघ नेता अशोक भारती, प्रशांत सरैया, बाल किशन गुप्ता, वसीम अली, अजय चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक का संचालन राज्य कर विभाग के उपायुक्त प्रशासन चंद्रकांत भूषण ने किया।

## कैंटर के टायर के नीचे कुचलने से सब्जी विक्रेता की मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में कैंटर के टायर के नीचे कुचलने से सब्जी बेचने वाला युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी विजय कुमार शाह के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ छोटी माता मंदिर के पास किराये पर रहता था और सब्जी बेचने का काम करता था। 22 दिसंबर की शाम करीब 7.45 बजे वह सब्जी की रेहड़ी के साथ सेन चौपाल के पास खड़ा था। इसी दौरान एक कैंटर के चालक ने विजय कुमार शाह को नहीं देखा और कैंटर को साइड में लगाने लगा।

## 13 साल की मासूम से दरिंदगी बैंककर्मी और सैलून मालिक गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

दिल्ली के आउटर नॉर्थ जिले में पुलिस ने समयपुर बादली इलाके से एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 दिसंबर की शाम को पीसीआर पर एक फोन आया था। कॉल में बताया गया कि राजा विहार इलाके में एक नाबालिग को जबरन शराब पिलाई गई है। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे। शुरूआती जांच में मामला केवल शराब पिलाने का लग रहा था, लेकिन जब पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसके बयान दर्ज किए गए, तो एक घिनौने अपराध की परतें खुलीं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी नरोत्तम, जो उसका परिचित था, उसे बहला-फुसलाकर अपने साथी ऋषभ से मिलवाने ले गया। 20 दिसंबर को दोनों आरोपी नाबालिग को नरोत्तम के एक खाली पैतृक मकान में ले गए। वहां आरोपियों ने मासूम को जबरन शराब पिलाई और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। समयपुर बादली थाने में भारतीय



न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70 और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों ऋषभ और नरोत्तम को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय ऋषभ, जो एक बैंक में कार्यरत है और 28 वर्षीय नरोत्तम के रूप में हुई है, जो इलाके में ही एक सैलून चलाता है।

पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। एसआईटी को निर्देश दिए गए हैं कि वे साक्ष्य जुटाकर जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करें ताकि आरोपियों को कड़ी सजा मिल सके।

उन्होंने कहा कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## चोरी की कार से दिल्ली पुलिस के सिपाही ने मारी थी बुजुर्ग को टक्कर

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

सूर्यनगर निवासी जयप्रकाश सैनी को टहलते समय कार से टक्कर मारने वाला दिल्ली पुलिस का सिपाही निकला। हादसा जिस कार से हुआ था, वह चोरी की निकली। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने वाहन ट्रेस कर बुधवार को आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। इन दिनों आरोपी की तैनाती शाहदरा थाने में है।

लिंकरोड थाना क्षेत्र स्थित सूर्यनगर निवासी जय प्रकाश सैनी 14 दिसंबर की सुबह टहलने निकले थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल बुजुर्ग को पुलिस ने एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब दो-तीन घंटे बाद परिवार वाले जब बुजुर्ग को ढूंढते हुए पुलिस चौकी पहुंचे, तब उन्हें हादसे का पता चला। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायल




की पहचान की। इसके बाद बुजुर्ग के बेटे रजत सैनी की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की।

एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि इलाज के दौरान 21 दिसंबर को बुजुर्ग की मौत हो गई थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो बुजुर्ग को टक्कर मारने वाली कार ट्रेस हो गई।

## मुनाफे का लालच देकर ठगी में तीन गिरफ्तार

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

साइबर अपराध थाना पश्चिम की पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश करके अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने इंस्टाग्राम पर व्हाट्सएप व टेलीग्राम ग्रुप का लिंक भेजकर लोगों को ग्रुप में जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। इन तीनों आरोपियों ने साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल बरामद किए हैं।

तीनों आरोपी राजस्थान के दौसा जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान कांकरिया गांव निवासी विजेंद्र और बगड़ी गांव निवासी दिलखुश व विवेक कुमार के रूप में हुई है।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मामले में ठगी गई राशि में से 73,556 रुपये आरोपी विजेंद्र के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। विजेंद्र ने अपना बैंक खाता आरोपी दिलखुश को 10 हजार रुपये में बेचा था। वहीं, दिलखुश ने बैंक खाता आरोपी विवेक को 20 हजार रुपये में बेच दिया था।

# तमिलनाडु में 32 करोड़ की लागत से बन रहा चंद्रपडी मत्स्य पालन प्रोजेक्ट, मार्च 2026 तक पूरा होने की संभावना

» चेन्नई, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।



तमिलनाडु के थारंगमबाड़ी के चंद्रपडी गांव में फिश लैंडिंग सेंटर को बेहतर बनाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। यहां नदी के किनारों पर दीवारें और अन्य जरूरी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह काम अपनी तय समय सीमा (दिसंबर 2026) से काफी पहले, मार्च 2026 तक ही पूरा हो जाएगा।

यह प्रोजेक्ट नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट योजना के तहत 32 करोड़ रुपये का मत्स्य पालन और मछुआरा कल्याण विभाग के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मकसद तटीय सुरक्षा उपायों को मजबूत करना और स्थानीय मछुआरा समुदाय के लिए मछली औद्योगिक भूमि की उपलब्धता में सुधार करना है, जो रोजाना मछली पकड़ने के लिए नंदलार मुहाने पर निर्भर हैं। चंद्रपडी गांव में पारंपरिक तौर पर मछली पकड़ने का कार्य किया जाता रहा है। यहां लगभग 2,895 मछुआरे 13 मशीनीकृत नावों और 212 फाइबर नावों का इस्तेमाल करके समुद्री मछली पकड़ने का काम करते हैं। गांव में आजीविका बनाए रखने के लिए मुहाना और लैंडिंग सुविधाएं बहुत जरूरी हैं।

मत्स्य पालन विभाग के सहायक इंजीनियर टी. गौतम के अनुसार, चल रहे कामों में नदी के दक्षिणी तरफ 260 मीटर और उत्तरी तरफ 220 मीटर तक फैली पत्थर की नदी ट्रेनिंग दीवारों का निर्माण, 60 मीटर लंबा नाव बर्थिंग जेट्टी और नेविगेशन और सुरक्षा में सुधार के लिए लगभग 96,250 क्यूबिक मीटर की ड्रेजिंग शामिल है।

# इलेक्ट्रिक वर्जन टाटा सिएरा ईवी की तैयारी में जुटी टाटा मोटर्स

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।



हाल ही में भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित सिएरा एसयूवी को लॉन्च किया है। अब इसी लाइनअप को आगे बढ़ाते हुए कंपनी इसके इलेक्ट्रिक वर्जन टाटा सिएरा ईवी की तैयारी में जुट गई है। सिएरा ईवी को भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है, जिससे इसके डिजाइन और मैकेनिकल बदलावों की झलक सामने आई है। यह मॉडल टाटा मोटर्स की सस्टेनेबल मोबिलिटी रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाटा सिएरा ईवी में बैटरी पैक के विकल्प हैरियर ईवी से लिए जा सकते हैं। इसमें 65केडब्ल्यूएच और 75केडब्ल्यूएच की बैटरी कॉन्फिगरेशन मिलने की संभावना है। साथ ही, टू-व्हील ड्राइव और ऑल-व्हील ड्राइव दोनों विकल्प पेश किए जा सकते हैं।

हालांकि, सिएरा ईवी की पावर को हैरियर ईवी से थोड़ा कम रखा जा सकता है, ताकि दोनों मॉडलों के बीच स्पष्ट अंतर बना रहे और बेहतर ड्राइविंग रेंज पर फोकस किया जा सके।

स्पाई शॉट्स में सिएरा ईवी की इलेक्ट्रिक पहचान साफ नजर आती है, जिसमें एग्जॉस्ट पाइप की गैरमौजूदगी प्रमुख संकेत है। सबसे बड़ा बदलाव इसके इंडिपेंडेंट रियर सस्पेंशन सेटअप को माना जा रहा है, जो इस सेगमेंट में आम बीम एक्सल की तुलना में ज्यादा एडवांस है। इससे ड्राइविंग स्टेबिलिटी, कम्फर्ट और हैंडलिंग में सुधार होने की उम्मीद है। इंटीरियर की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें टाटा के इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो के अनुरूप आधुनिक फीचर्स, बेहतर कनेक्टिविटी, खास ईवी बैजिंग और एयरो-ऑप्टिमाइज्ड डिजाइन देखने को मिलेगा। इन खूबियों के साथ टाटा सिएरा ईवी मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में एक प्रीमियम विकल्प के रूप में उभर सकती है। कंपनी द्वारा इस एसयूवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11.49 लाख रुपये रखी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड बढ़त के साथ बंद

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। डाओ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 288.75 अंक बढ़कर 48,731.16 पर, एसएंडपी 500 22.26 अंक बढ़कर 6,932.05 पर और नैस्डैक कम्पोजिट 51.46 अंक बढ़कर 23,613.31 पर बंद हुआ। सभी प्रमुख इंडेक्स ने रिकॉर्ड क्लोजिंग हाई दर्ज किया। पिछले हफ्ते की बिकवाली के बाद एआई से जुड़े शेयरों में सुधार देखा गया। महंगे वैल्यूएशन और मुनाफे पर संभावित असर की चिंताओं के कारण पहले गिरावट आई थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। मार्केट अगले साल फेडरल रिजर्व द्वारा 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की उम्मीद कर रहा है।

### भारत में सोना 3 लाख प्रति 10 ग्राम के पार जाने की संभावना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दसमबर।** एक अमेरिकी अर्थशास्त्री का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आ सकता है। वर्तमान में 4,510 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है और भारत में एमसीएक्स पर सोने का भाव 3 लाख प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। अर्थशास्त्री के अनुसार सोना केवल संकट से सुरक्षा नहीं देता बल्कि लंबी अवधि में निवेश का भी महत्वपूर्ण विकल्प है।

### झारखंड की बंद खदानें बनेंगी हरित निवेश और रोजगार का केंद्र

**रांची, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** झारखंड में बंद और गैर-संचालित कोयला खदानों से 11,000 हेक्टेयर भूमि तुरंत उपलब्ध है। अगले 5-10 वर्षों में लगभग 45,000 हेक्टेयर भूमि का नवीनीकरणीय ऊर्जा, हरित विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे हरित निवेश के लिए उपयोग किया जा सकता है। 16,977 करोड़ रुपये डीएमएफ में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोयला-आधारित जिलों में आजीविका विविधीकरण, कौशल विकास और कल्याणकारी गतिविधियों में निवेश किया जा सकता है।

# सुशासन की दिशा में मोदी सरकार का बड़ा कदम, शुरू किए 5 डिजिटल सुधार




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।

केंद्र सरकार ने गुरुवार को देश में पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए 5 डिजिटल सुधारों की शुरुआत की। इनका उद्देश्य सरकारी कामकाज को आसान, तेज और ज्यादा जवाबदेह बनाना है।

इन पांचों डिजिटल पहलों का उद्घाटन केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित सुशासन प्रथाओं 2025 पर राष्ट्रीय कार्यशाला में किया। इन सुधारों में पूर्व सैनिक आरक्षण संकलन, एआई आधारित भर्ती टूल, ई-एचआरएमएस 2.0 मोबाइल ऐप, आईजीओटी एआई प्लेटफॉर्म और कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग लैब 2.0 शामिल हैं।

मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन सिर्फ विचार नहीं है, बल्कि यह रोजमर्रा के प्रशासन की जिम्मेदारी है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस का विशेष महत्व है, क्योंकि यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती का दिन है। अटल जी ने सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और जनता को प्राथमिकता देने वाले शासन की नींव रखी थी।

मंत्री ने कहा कि सुशासन की सोच पहले भी थी। लेकिन, वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे सही मायनों में लागू किया गया। यह न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के मंत्र पर आधारित है।

इन पांच डिजिटल पहलों का उद्देश्य प्रशासन की मूल प्रक्रियाओं को मजबूत करना, अलग-अलग हितधारकों की मदद करना और सरकारी कर्मचारियों को बदलते समय की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

पूर्व सैनिक आरक्षण संकलन में केंद्र सरकार में पूर्व सैनिकों को मिलने वाले आरक्षण से जुड़ी सभी गाइडलाइनों को एक जगह सरल और अपडेटेड रूप में रखा गया है। इससे नियमों में साफ-सफाई आएगी और लाभ समय पर मिल सकेगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एआई आधारित भर्ती नियम बनाने वाला टूल सरकारी भर्तियों को आसान बनाएगा। यह टूल सवाल-जवाब के जरिए सही भर्ती प्रक्रिया सुझाएगा और नियमों का ड्राफ्ट अपने आप तैयार करेगा, जिससे देरी और गलतियां कम होंगी। ई-एचआरएमएस 2.0 मोबाइल ऐप, जो एंड्रॉयड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है, सरकारी कर्मचारियों को उनके सेवा रिकॉर्ड, प्रमोशन, ट्रांसफर, ट्रेनिंग और रिटायरमेंट से जुड़ी जानकारी मोबाइल पर ही उपलब्ध कराएगा।

# श्रम सुधारों को 2025 में बढ़ावा मिला, ईपीएफओ 3.0 लांच की तैयारी

## श्रम संहिताएं 2026 में पूर्ण रूप से हो जाएंगी लागू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** सरकार ने पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद चार श्रम संहिताओं को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो 2026 में पूर्ण रूप से लागू हो जाएंगी। इनसे 29 पुराने श्रम कानूनों को सरल और समेकित रूप में बदलकर न्यूनतम वेतन और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे भारतीय श्रम बाजार के लिए ऐतिहासिक सुधार बताया। 2026 में ईपीएफओ 3.0 लाया जाएगा, जो कर्मचारियों की भविष्य निधि, पेंशन और बीमा दावों को तेज और सुविधाजनक बनाएगा। निकासी प्रक्रियाओं के सरलीकरण से करोड़ों कर्मचारियों को उनकी बचत तक आसान पहुंच मिलेगी। ई-श्रम पोर्टल और राष्ट्रीय कैरियर सेवा प्लेटफॉर्म ने सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सेवाओं को व्यापक और समावेशी बनाया है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करेगी। पिछले दशक में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 फीसदी से अधिक हो गया है। ये सुधार कार्यस्थल पर स्पष्टता, समानता और पूर्वानुमेयता सुनिश्चित करेंगे, और भारत के आधुनिक, समावेशी श्रम बाजार की दिशा में बड़ा कदम हैं।

# रियलमी 16 प्रो सीरीज नए इमेजिंग अनुभव के साथ जल्द होगी लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।



चाइनीज कंपनी रियलमी द्वारा रियलमी 16 प्रो सीरीज को पेश किया जा रहा है, जिसमें 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया गया है। यह कैमरा सैमसंग के एचपी5 सेंसर से लैस है और इसे खासतौर पर रियल-वर्ल्ड फोटोग्राफी में बेहतर क्लैरिटी, गहराई और नैचुरल कलर देने के लिए डिजाइन किया गया है।

इस हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे के साथ 3.5एक्स पेरिस्कोप लेंस जोड़ा गया है, जो एक फ्लेक्सिबल फुल-फोकल पोर्ट्रेट सिस्टम तैयार करता है। इससे वाइड शॉट्स से लेकर क्लोज-अप और स्टेज फोटोग्राफी तक हर फ्रेम में संतुलन और रियलिज्म बना रहता है। इमेज क्वालिटी को और बेहतर बनाने के लिए रियलमी की नई लूमाकलर इमेज टेक्नोलॉजी को शामिल किया गया है, जो लाइट और कलर को एक साथ प्रोसेस कर नेचुरल स्किन टोन और गहराई का एहसास देती है। इसके साथ एआई आधारित फीचर्स फोटोग्राफी और वीडियो को और आसान बनाते हैं।

एआई टूल्स न सिर्फ तस्वीरों की डिटेल सुधारते हैं, बल्कि सोशल मीडिया के लिए रेडी कंटेंट तैयार करने में भी मदद करते हैं। 4के वीडियो सपोर्ट और इंटेलिजेंट सब्जेक्ट ट्रैकिंग के साथ यह सीरीज व्लॉगिंग और क्रिएटिव शूटिंग के लिए भी उपयुक्त है। रियलमी 16 प्रो सीरीज को आधिकारिक तौर पर 6 जनवरी 2026 को लॉन्च किया जाएगा, जो स्मार्टफोन इमेजिंग के अनुभव को एक नया आयाम देने का दावा करती है।

# भारत के नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

## एनएमआईए ने शुरू की कमर्शियल उड़ान

» मुंबई, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।



नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए), भारत के सबसे नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट ने गुरुवार से कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया। शुरुआती लॉन्च पीरियड के दौरान, यात्रियों को इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर की सर्विस का फायदा मिलेगा, जो मुंबई को 16 बड़े घरेलू डेस्टिनेशन से जोड़ेगी।

पहले महीने में, एनएमआईए 12 घंटे, सुबह 8:00 बजे से रात 11:00 बजे के बीच, 23 रोजाना तय डिपार्चर को हैंडल करेगा। इस दौरान, एयरपोर्ट हर घंटे 10 फ्लाइट मूवमेंट तक मैनेज करेगा।

इंडिगो ने एनएमआईए से ऑपरेशन शुरू किया और उसकी पहली फ्लाइट सुबह बेंगलुरु से एनएमआईए पहुंची, और उसके तुरंत बाद हैदराबाद के लिए पहली डिपार्चर हुई। शुरुआत में, इंडिगो एनएमआईए को देश भर में 10 से ज्यादा खास डेस्टिनेशन से जोड़ेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि उसने एनएमआईए से बेंगलुरु और दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट के साथ सर्विस शुरू की है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस की पहली फ्लाइट बेंगलुरु के लिए चली।

आकासा एयर की पहली फ्लाइट दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चली और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची। साथ ही, एनएमआईए से इसकी पहली फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट से चली और पहुंची। आकासा एयर नवी मुंबई को गोवा, दिल्ली, कोच्चि और अहमदाबाद से जोड़ने वाली शेड्यूल्ड फ्लाइट्स चलाएगी। एनएमआईए भारत का सबसे नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**लोनी, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** संगम विहार कॉलोनी के पास रेलवे लाइन के किनारे घूम रहे अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि संगम विहार कॉलोनी के पास रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में व्यक्ति आ गया। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजे गए हैं। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, 16 दिन बाद केस दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के एक्सटेंशन एक निवासी संजीव मट्टास की सड़क हादसे में हुई मौत की प्राथमिकी पुलिस ने 23 दिसंबर की रात दर्ज की है। हादसा आठ दिसंबर की रात करीब 8:30 बजे हुआ था। बुजुर्ग को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक की तलाश शुरू की है। दर्ज मामले में संजीव मट्टास ने बताया कि आठ दिसंबर को उनके पिता बुध बाजार स्थान के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी। पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर के चलते यहां से दूसरे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। नौ दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया कि 22 दिसंबर को उन्होंने थाने में तहरीर दी थी।

# निजी विद्यालयों को स्कूल व जिला स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति बनाना अनिवार्य, आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

**» दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**



दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ोतरी पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाते हुए निजी स्कूलों के लिए स्कूल स्तर व जिलास्तर पर शुल्क निर्धारण समिति बनाना अनिवार्य किया है। सरकार ने इसके लिए आदेश जारी किए हैं। सभी निजी स्कूलों को इस आदेश के 15 दिन के भीतर (10 जनवरी 2026) तक 11 सदस्यीय कमेटी का गठन करना होगा। सरकार के इस कदम से कोई भी निजी स्कूल मनमाने तरीके से फीस को नहीं बढ़ा सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का पालन नहीं करने पर स्कूल शिक्षा फीस निर्धारण और नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने ने कहा कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस एक्ट 2025 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल स्तर और जिला स्तर पर दो महत्वपूर्ण समितियों, स्कूल लेवल फीस रेगुलेशन कमेटी और डिस्ट्रिक्ट लेवल फीस अपीलेट कमेटी का गठन अनिवार्य किया गया है। सरकार ने यह कदम अभिभावकों को राहत देने और मनमानी फीस बढ़ोतरी को रोकने के लिए उठाया है।

इस संबंध में शिक्षा निदेशक वेदिथा रेड्डी की ओर से एक आदेश भी जारी किया है जो कि तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके अनुसार स्कूलों को अनिवार्य रूप से 10 जनवरी 2026 तक इस समिति का गठन करना है। आदेश के अनुसार इस 11 सदस्यीय समिति में अभिभावकों के प्रतिनिधि के तौर पर पांच सदस्य होंगे। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन अध्यक्ष, स्कूल प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, तथा शिक्षा निदेशालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति का गठन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति भी की गई है। स्कूलों को कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों के नाम स्कूल वेबसाइट व नोटिस बोर्ड पर

### फीस बढ़ाने का प्रस्ताव कमेटी के समक्ष 25 जनवरी तक देना होगा

यदि कोई स्कूल फीस बढ़ाना चाहता है तो उसे ठोस कारण के साथ अपना प्रस्ताव समिति के समक्ष रखना होगा। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद कमेटी अपनी सिफारिश देगी और जिसके बाद उस पर निर्णय किया जाएगा। पहले स्कूलों को फीस का प्रस्ताव एक अप्रैल तक देने की व्यवस्था थी। लेकिन अब नए कानून के अनुसार फीस बढ़ाने के लिए प्रस्ताव 25 जनवरी 2026 तक ही प्रस्तुत करना होगा। यदि समिति निर्धारित समय-सीमा में निर्णय नहीं लेती है तो मामला स्वतः जिला स्तर की अपीलीय समिति के पास चला जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की कमेटी को फीस से संबंधित विवादों के निपटारे और अपीलों पर निर्णय का अधिकार दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ...

# लिंक भेजकर खाते से निकाले 1.67 लाख

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**




जालसाज ने स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग नंबर का लिंक भेजकर एक महिला के बैंक खाते से 1.67 लाख रुपये निकालकर ठगी को अंजाम दिया है। जालसाज ने इंडिया पोस्ट कस्टमर सपोर्ट का कर्मचारी बनकर पीड़िता को कॉल करके संपर्क किया। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना पश्चिम में प्राथमिकी दर्ज की है।

कैलेडियम सोसाइटी, सेक्टर-109 निवासी विद्या एच सुहास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने मैसूर से मिठाइयां मंगवाई थीं जोकि 15 दिसंबर को उनके पते पर भेजी गई थीं। विक्रेता ने विद्या को स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग नंबर भेजा था। 19 दिसंबर को जब विद्या ने गूगल पर स्पीड पोस्ट का स्टेटस ट्रैक किया तो उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को इंडिया पोस्ट कस्टमर सपोर्ट का कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने कहा कि व्हाट्सएप नंबर पर एक एपीके फाइल भेजी है। ऑर्डर का स्टेटस ट्रैक करने के लिए एपीके फाइल मोबाइल में डाउनलोड करनी होगी।

# शेयर बाजार में निवेश के बहाने 6.13 लाख की ठगी में एक धरा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** शेयर बाजार में निवेश के बहाने 6.13 लाख रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 20 साल का हर्षवर्धन मध्यप्रदेश ग्वालियर का रहने वाला है। इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपना बैंक खाता ठगों को दिया था। इसके खाते में ठगी के 4.80 लाख रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-37 की रहने वाली महिला ने दी थी। महिला ने शिकायत में बताया कि 9 सितंबर को उनके टेलीग्राम पर ट्रेडिंग के माध्यम से पैसे कमाने का मैसेज आया। इसके बाद उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया और ट्रेडिंग के नाम पर अकाउंट खुलवाया गया। आरोपियों के कहने पर महिला ने निवेश के लिए विभिन्न खातों में कुल 6.13 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उनसे और पैसे निवेश करने के लिए कहा गया तो महिला ने मना कर दिया और अपनी निवेश की गई रकम वापस मांगी। आरोपियों ने रिफंड देने से मना कर दिया। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## शेयर बाजार में निवेश के बहाने 7.92 लाख की ठगी में चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** शेयर बाजार में निवेश के बहाने 7.92 लाख रुपये की ठगी में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दिल्ली तिलक नगर के गगनदीप, यूपी जौनपुर के आनंद प्रकाश सिंह, बस्ती के नितिन सिंह और लखनऊ के आशीष शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपी मिलकर ठगों के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार खाताधारक कपिल का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। मामले में 5 आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-34 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि ठगों ने उनके पिता से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर एक एप डाउनलोड करवाई। आरोपियों ने शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। ठगों के कहने पर उनके पिता ने कुल 7.92 लाख रुपये निवेश कर दिए। बाद में एप बंद हो गई और रिफंड नहीं मिला तो ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## शेयर बाजार में निवेश के बहाने 72.74 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** शेयर बाजार में निवेश के बहाने 72.74 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रघुवीर सिंह राजस्थान जैसलमेर का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वो इस मामले में खाताधारक है। इसके बैंक खाते में ठगी की 50 हजार रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-81 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 26 सितंबर को उनके व्हाट्सएप पर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित एक मैसेज आया। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां निवेश से संबंधित जानकारी दी जाती थी। फिर उन्हें एक एप का लिंक भेजकर एप डाउनलोड करवा उसमें खाता खुलवाया गया। आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों की डिटेल देकर निवेश के नाम पर 7274882 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में रिफंड के लिए कहा गया तो आरोपियों ने मना कर दिया और बहाने बनाने लगे। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन




**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

शहर के सेक्टर-18 स्थित एचवीपीएनएल (हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड) कार्यालय के बाहर बुधवार को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन ने पॉलिसी को वापस न लेने पर आगामी 30 दिसंबर को पंचकूला स्थित हरियाणा बिजली वितरण निगम के निगम प्रबंधन में धरना प्रदर्शन की बात कही है।

फरीदाबाद यूनिट के प्रधान लेखराज चौधरी ने कहा कि कर्मचारी 30 दिसंबर को इस पॉलिसी के विरोध में पंचकूला में प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर यूनियन के प्रांतीय संयोजक विनोद शर्मा ने कहा कि यह ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों के लिए जान का खतरा पैदा करेगी। इससे परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। बिजली निगम मैनेजमेंट ने इस पॉलिसी के प्रारूप को बनाने से पहले यूनियन के कर्मचारियों से विचार विमर्श नहीं किया।

उन्होंने कहा कि यूनियन इस फैसले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करेगी। सरकार के इस फैसले से कर्मचारी प्रदेश स्तर पर हड़ताल करने को मजबूर हो गए हैं। यूनियन इस पॉलिसी को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देगी। इस मौके पर ग्रेटर फरीदाबाद प्रधान सुनील चौहान, बीरसिंह चेयरमैन, मामचंद, सुभाष पहल, अमरचन्द, जगजीत, प्रीतम सिंह, लाल किशन सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# आभूषण की दुकान में डकैती से पहले रेकी करने वाले को नहीं मिली जमानत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** बल्लभगढ़ इलाके में आभूषण की दुकान में हथियार के बल पर डकैती मामले में आरोपी अमरजीत सिंह को जिला अदालत से जमानत नहीं मिली। यूपी बिजनौर के रहने वाले अमरजीत सिंह के अधिवक्ता की ओर से जमानत याचिका दायर कर दलील दी गई कि इसे केस में गलत फंसाया गया है। एफआईआर में न तो इसका नाम था और न ही ये वारदात के समय मौके पर मौजूद था। 6 मार्च 2025 से ये कस्टडी में है। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से याचिका का विरोध करते हुए दलील दी गई कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गंभीर अपराध किया है। आरोपी ने आभूषण की दुकान की रेकी की थी। आरोपी की सह-आरोपियों सौरभ वर्मा और रिफाकत अली के साथ कॉल डिटेल भी है।

# भाई की मौत के बाद फर्जीवाड़ा कर मकान पर कब्जा, प्राथमिकी दर्ज

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

टीलामोड़ थानाक्षेत्र के पसौंडा स्थित रघुवीर एनक्लेव निवासी अब्दुल कय्यूम ने अपने भाई ताज मोहम्मद और भाभी रेशमा समेत छह लोगों पर संपत्ति हड़पने व धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। अविवाहित छोटे भाई की मौत के बाद उसके मकान पर कब्जा कर अवैध तरीके से लोन लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 23 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अब्दुल कय्यूम ने बताया कि वर्ष 2008 में उन्होंने अपने भाई इरफान के नाम एक प्लॉट खरीदा था। उस पर उन्होंने मकान बनवाया और भाई के साथ रहने लगे।

बताया कि 25 सितंबर 2010 को इरफान की अचानक मौत हो गई। अविवाहित होने की वजह से उसकी संपत्ति के वह चार भाई और तीन बहन वारिस बने। इरफान की मौत के बाद उनका तीसरा भाई ताज मोहम्मद अपने परिवार के साथ वहां रहने लगा।

आरोप है कि वर्ष 2024 में ताज मोहम्मद ने चंद्रपाल व जयचंद नाम के व्यक्तियों के संग मिलकर मकान के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और अपनी पत्नी रेशमा के नाम दाननामा करा दिया। यही नहीं बैंक से फर्जी दस्तावेजों के जरिए संपत्ति पर 10 लाख रुपये का लोन भी ले लिया।

# रात में पड़ा पाला, दिन में चटख धूप ने उतारी ठिठुरन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** बीते दो दिन से जहां कोहरे से राहत मिली। वहीं, बुधवार तड़के पाला पड़ा। इससे गलन बढ़ गई। सबसे ज्यादा दिक्कत खेती किसानी करने वाले लोगों को हुई। गन्ना छिलाई का काम धूप निकलने के बाद शुरू हुआ। दोपहर में धूप का असर बढ़ने से फरवरी अंत जैसे मौसम का अहसास हुआ। अधिकतम तापमान तीन डिग्री कम होकर 21 व न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। दिन में आर्द्रता 45 व रात में इसमें दोगुना इजाफा दर्ज किया गया।



## बेहद कम समय में तमन्ना भाटिया ने हासिल किया अलग मुकाम

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हसीनाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने बेहद कम समय में अपनी एक्टिंग, डांस और शानदार फैशन सेंस के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने न सिर्फ साउथ सिनेमा में बल्कि बॉलीवुड में भी खुद को साबित कर दिखाया है। तमन्ना भाटिया का जन्म 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में हुआ था। बहुत छोटी उम्र से ही उनका झुकाव अभिनय की ओर था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने हिंदी फिल्म ह्यचांद सा रोशन चेहराह्न से बॉलीवुड में डेब्यू किया। हालांकि शुरूआती दौर में उन्हें खास पहचान नहीं मिली, लेकिन तमन्ना ने हार नहीं मानी। उन्होंने साउथ इंडस्ट्री की ओर रुख किया और तमिल व तेलुगु फिल्मों में अपनी मेहनत और प्रतिभा से खुद को साबित किया। एक के बाद एक हिट फिल्मों के साथ वह जल्दी ही साउथ की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। साल 2013 में तमन्ना ने हिम्मतवाला के जरिए बॉलीवुड में वापसी की। भले ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल न रही हो, लेकिन तमन्ना की खूबसूरती, अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान जरूर खींचा। उन्होंने कई यादगार आइटम सॉन्ग्स भी किए, जिनमें ह्यआज की रात, नशा और पिया के बाजार जैसे गाने शामिल हैं। इन गानों में उनके डांस मूव्स और एक्सप्रेशंस ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। तमन्ना को असली पैन-इंडिया पहचान बाहुबली और बाहुबली 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से मिली।

## मिचेल स्टार्क बड़े रिकॉर्ड के करीब, पीछे छूट जाएंगे लायन और कमिंस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एशेज सीरीज में प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टार्क ने अकेले दम इंग्लैंड को परेशानी में डाला है और टीम को एशेज सीरीज में जीत दिलाने में बड़ी भूमिका गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी निभाई है। मिचेल स्टार्क सिडनी में खेले जाने वाले एशेज सीरीज के आखिरी टेस्ट तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। स्टार्क इस सफर में पैट कमिंस और नाथन लायन को पीछे छोड़ेंगे। कमिंस और लायन एशेज सीरीज के आखिरी दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हैं। स्टार्क ने 2019 से 2025 के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 52 टेस्ट मैचों में 213 विकेट लिए हैं। अगले 2 टेस्ट में 12 विकेट लेते ही उनके 225 विकेट हो जाएंगे और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल स्टार्क लायन और कमिंस के बाद तीसरे स्थान पर हैं। नाथन लायन 2019 से 2025 के बीच 55 टेस्ट मैचों में 224 विकेट लेकर पहले स्थान पर हैं। पैट कमिंस 2019 से 2025 के बीच 52 टेस्ट मैचों में 221 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। कमिंस एशेज सीरीज का सिर्फ तीसरा टेस्ट खेले थे।



## डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगी जेमिमा रोड्रिग्स

» **मुम्बई, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2026 सत्र के लिए मेग लैनिंग की जगह बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान बनाया है। लैनिंग की कप्तानी में दिल्ली की टीम तीन बार टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंची है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल ने पहले ही कहा था कि इस बार टीम की कमान किसी भारतीय खिलाड़ी को ही दी जाएगी। दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ट भी शामिल हैं। वोलवार्ट की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी पर इसके बाद भी दिल्ली ने जेमिमा पर भरोसा जताया है। डब्ल्यूपीएल में जेमिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस बल्लेबाज ने 27 मैचों में तीन अर्धशतक के साथ ही 28.16 के औसत से 507 रन बनाए हैं, और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 139.66 का रहा है। उनका इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक स्कोर नाबाद 69 रन रहा है। दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने पहले मुकाबले में 10 जनवरी को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

जेमिमा ने कप्तान बनाये जाने पर खुशी जतायी है। साथ ही कहा, दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ की आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर दिया। यह शानदार अवसर मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। इस बल्लेबाज ने कहा, मैंने पिछले तीन वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने कुछ बेहतरीन पल साझा किए हैं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और मैं मैदान में उतरने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम एक बहुत ही अच्छे सत्र की उम्मीद कर रहे हैं।

दिल्ली कैपिटल्स टीमः

जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, मारिजाने कप्प, एनाबेल सदरलैंड, निकी प्रसाद, लाउरा वोलवार्ट, चिनेले हेनरी, श्री चरणी, स्नेह राणा, लिजेल ली, दीया यादव, तानिया भाटिया, ममता मादीवाला, नंदनी शर्मा, लुसी हैमिल्टन, मिन्नू मणि।



## ठंड में प्यार नहीं, थर्मल कपड़े ही गर्म रखते हैं: शेफाली शाह



इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने खास अंदाज में सर्दियों की हकीकत बयां की, जिसे पढ़कर फैंस मुस्कुराए बिना नहीं रह पा रहे हैं। अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने पोस्ट में लिखा कि शुरूआत में वह ठंड में जम गई थीं और अब धीरे-धीरे पिघल रही हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि ठंड में प्यार नहीं, बल्कि थर्मल कपड़े ही इंसान को गर्म रखते हैं। उनका मानना है कि पुराने थर्मल कपड़ों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि वही असली हीरो होते हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बर्फ पर गिरने का खतरा काफी ज्यादा रहता है, खासकर तब जब छुट्टियों पर आपके साथ कोई ऐसा न हो जो दस्ताने, फोन और स्कार्फ संभाल सके। अभिनेत्री ने यशराज फिल्म्स का जिक्र करते हुए सर्दियों की फिल्मों और असल जिंदगी के फर्क पर भी चुटकी ली। उन्होंने लिखा कि शिफॉन साड़ियां सिर्फ फिल्मों में अच्छी लगती हैं, रियल लाइफ में नहीं, क्योंकि ठंड में उंगलियां तक सुन्न हो जाती हैं। शेफाली ने साफ शब्दों में कहा कि ठंड को कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए और इसमें कम नहीं, बल्कि ज्यादा लेयरिंग जरूरी है। मजाक करते हुए उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो जैकेट के नीचे 64 थर्मल लेयर पहन लेनी चाहिए। शेफाली ने यह भी माना कि सर्दियों में स्टाइलिश दिखना हर किसी के बस की बात नहीं होती। उनके मुताबिक, अच्छे कपड़े पहनने से ज्यादा जरूरी है गर्म रहकर सुरक्षित रहना। उन्होंने लिखा कि स्नो पैंट स्टाइल के लिए नहीं, बल्कि गीला होने से बचाने के लिए पहननी चाहिए। ठंड में तैयार होने की मुश्किलों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक आउटफिट तैयार करने में तीन घंटे तक लग जाते हैं लेयरिंग, जूते के फीते बांधना, दस्ताने उतारना-पहनना और आखिर में यह एहसास होना कि अंदर की थर्मल लेयर ही भूल गए। इसके अलावा शेफाली ने पुराने स्नो शूज और हील वाले बूट्स को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पुराने जूते पहनने से ह्यसोल लेसह्न होने का खतरा रहता है और हील वाले बूट्स भले ही सेक्सी लगें, लेकिन ठंड में भद्दे कपड़े पहनकर जिंदा रहना ज्यादा बेहतर है।



## गलवान एक सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, सलमान खान के साथ काम करने पर बोलीं चित्रांगदा सिंह

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है।

अब अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार और सलमान खान के साथ आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर भी जानकारी शेयर की है।



अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने आईएएनएस से कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है, और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है। अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं। राइटर्स ने एक-एक डायलॉग को बहुत अच्छे से लिखा है, जिसने कहानी को अच्छे से आगे बढ़ाया है।

हाउसफुल 5 और रात अकेली है की शूटिंग करते वक्त अपने इमोशंस और किरदार पर पकड़ बनाने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि ये हो जाता है, क्योंकि सेट पर जो वाइब होती है, वह आपको किरदार में ढलने में मदद करती है और इससे परफॉर्मेंस पर भी फर्क पड़ता है। मुझे बहुत मजा आ रहा था कि एक साथ दो अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिला।

सलमान खान के साथ फिल्म बैटल ऑफ गलवान में काम करने के अनुभव पर अभिनेत्री ने कहा, गलवान फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा करियर और बेहतर होगा। उन्होंने ये भी बताया कि वे गलवान के साथ-साथ एक स्पोर्ट्स बायोपिक को भी प्रोड्यूस कर रही हैं, लेकिन फिल्म के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### चीन में कोयला खदान में हुये हादसे में चार लोगों की मौत

**कुनमिंग, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में बुधवार को एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी एवं तीन लोग अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोयले और गैस विस्फोट के बाद बचावकर्मियों ने चार शव निकाल लिए हैं और तीन लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय सरकार के मुताबिक यह हादसा कल रात करीब 8:10 बजे झेनक्सियोंग काउंटी में डेइंग कोयला खदान में हुआ। लापता लोगों को बचाने की कोशिशें और हादसे के कारणों की जांच कर जा रही है।

### लीबियाई दुर्घटनाग्रस्त विमान ने की थी तुर्की से आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध

**अंकारा, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** वरिष्ठ लीबियाई सैन्य अधिकारियों को ले जा रहे एक निजी विमान ने तकनीकी खराबी के बाद अंकारा के दक्षिण में दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ ही समय पहले आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध किया था। यह जानकारी एक तुर्की अधिकारी ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस दुर्घटना में लीबिया के सेना प्रमुख मोहम्मद अल-हद्दाद, चार अन्य सैन्य अधिकारियों और तीन चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई। तुर्की संचार निदेशालय के प्रमुख बुरहानेटिन दुरान के अनुसार, मंगलवार शाम को अंकारा के एसेनबोगा हवाई अड्डे से त्रिपोली के लिए उड़ान भरने के बाद डसॉल्ट फाल्कन 50 बिजनेस जेट ने विद्युत खराबी के कारण उत्पन्न आपात स्थिति के बारे में हवाई यातायात नियंत्रण को सूचित किया। दुरान ने सोशल मीडिया पर कहा, ह्लआपातकालीन लैंडिंग के लिए नीचे उतरना शुरू कर चुका विमान 20:36 (1736 जीएमटी) पर रडार स्क्रीन से गायब हो गया और उसके बाद उससे दोबारा संपर्क स्थापित नहीं हो सका। अल-हद्दाद उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के लिए तुर्की की राजधानी में थे ौर मंगलवार को इससे पहले उन्होंने तुर्की के रक्षा मंत्री यासर गुलेर और अन्य वरिष्ठ तुर्की रक्षा अधिकारियों से मुलाकात की थी।

### हसीना के छात्र संगठन ने कहा- हमने हादी को नहीं मारा ये यूनुस की हो सकती है करतूत

**ढाका, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक अस्थिरता के बीच छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या ने देश के माहौल को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग के महासचिव शेख एनान ने हादी की हत्या में अपने संगठन की संलिप्तता के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। एक गुप्त स्थान से दिए गए अपने बयान में एनान ने इसे मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का एक सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार केवल सत्ता में बने रहने के लिए कट्टरपंथी और आतंकवादी तत्वों को संरक्षण दे रही है, जिससे देश का सामाजिक ढांचा और आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। शेख एनान ने अगस्त 2024 में हुए विद्रोह को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की हत्या की एक नाकाम साजिश का हिस्सा बताया।

## फोटो स्टोरी



वेस्टबैक में इजरायली सेना के सैनिक एक बुल्डोजर लेकर घरों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान गश्त करते हुए।

## 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे खालिदा जिया के बेटे

**ढाका, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद देश लौट आए हैं। एयरपोर्ट के पास उनका स्वागत करने के लिए उनकी पार्टी बीएनपी के 1 लाख कार्यकर्ता जुटे थे। रहमान गिरफ्तारी से बचने के लिए 2008 में लंदन भाग गए थे। तब हसीना सरकार में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले चल रहे थे। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को बैन कर दिया गया है। ऐसे में बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार है। बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया की उम्र 80 साल हो चुकी है और बहुत बीमार चल रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रहमान अगले पीएम के दावेदार हो सकते हैं।

## अमेरिका में ट्रक चलाते पकड़े गए 30 भारतीयों समेत 49 प्रवासी गिरफ्तार

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

अमेरिकी सीमा सुरक्षा बलों ने कैलिफोर्निया में एक व्यापक अभियान चलाते हुए 49 अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए व्यक्तियों में 30 भारतीय नागरिक शामिल हैं। ये सभी प्रवासी अमेरिका में वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे थे और व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस (सीडीएल) का उपयोग कर बड़े सेमी-ट्रक चला रहे थे। हाल के हफ्तों में विभिन्न इमिग्रेशन चेकपॉइंट्स और अंतर-एजेंसी अभियानों के दौरान यह कार्रवाई की गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई एल सेंट्रो सेक्टर के एजेंटों द्वारा अंजाम दी गई। 23 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच, इंडियो स्टेशन के सुरक्षा कर्मियों ने हाईवे 86 और 111 पर स्थित इमिग्रेशन चेकपॉइंट्स पर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान 42 ऐसे ड्राइवरों को पकड़ा गया जो अवैध रूप से सीमा पार कर अमेरिका आए थे और ट्रकिंग व्यवसाय में लगे हुए थे। इनमें से अकेले 30 ड्राइवर भारतीय मूल के पाए गए। शेष गिरफ्तार प्रवासी एल साल्वाडोर, चीन, रूस, सोमालिया,




तुर्की, यूक्रेन, हैती और मैक्सिको जैसे देशों से संबंधित हैं। 10 और 11 दिसंबर को सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन हाईवे सेंटिनल में हिस्सा लिया। यह दो दिवसीय बड़ा अभियान ओंटारियो और फॉन्टाना के क्षेत्रों में चलाया गया था। इस संयुक्त कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य उन ट्रकिंग कंपनियों को निशाना बनाना था जो इमिग्रेशन नियमों का उल्लंघन कर अवैध प्रवासियों को रोजगार दे रही हैं। इस विशेष अभियान में 45 अवैध प्रवासियों को कमर्शियल लाइसेंस के साथ पकड़ा गया, जिनमें से कई गिरफ्तारियां इंडियो स्टेशन के एजेंटों ने कीं। गिरफ्तार लोगों में ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नागरिक भी शामिल थे।

## पाकिस्तान के नापाक इरादे! भारत को दो तरफ से घेरने बांग्लादेश से कर रहा रक्षा समझौता

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।** पिछले कुछ महीनों में उच्च पाकिस्तानी रक्षा अधिकारियों ने बांग्लादेश का लगातार दौरा किया। पाकिस्तान के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरपर्सन, नौसेना प्रमुख से लेकर आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मलिक तक सभी ढाका जा चुके हैं, क्योंकि मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश को भारत से दूर पाकिस्तान ले जा रहे हैं। यह भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पाकिस्तान और बांग्लादेश अब एक रक्षा समझौते पर नजर गड़ाए हुए हैं, जैसा कि इस्लामाबाद ने सऊदी अरब के साथ किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर में सऊदी अरब ने परमाणु संपन्न देश पाकिस्तान के साथ एक रणनीतिक आपसी रक्षा समझौता किया। हालांकि, जिस बात ने ध्यान खींचा, वह थी इसकी भाषा- किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान में इस समझौते को भारत के खिलाफ एक रणनीतिक बचाव के रूप में देखा, जिसने मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्लामाबाद को घुटने पर ला दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक अब चर्चा है कि पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ इस तरह का नाटो-स्टाइल रक्षा समझौता करने की तैयारी कर रहा है। यह 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद इस तरह का पहला समझौता होगा। विडंबना यह है कि उस पाकिस्तानी सेना ने युद्ध में लाखों बांग्लादेशियों का नरसंहार किया था। बांग्लादेश में दो महीने में चुनाव होने वाले हैं, इसलिए पाकिस्तान इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करना चाहता है। दो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देशों ने प्रस्तावित समझौते का मसौदा तैयार करने के लिए पहले ही एक संयुक्त तंत्र स्थापित कर लिया है।

## चीन की तीन प्रमुख मानवयुक्त पनडुब्बियों ने 2025 में प्रभावशाली परिणाम हासिल किए

» **बीजिंग, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

चीनी विज्ञान अकादमी के प्रमुख वैज्ञानिक और तकनीकी अवसंरचना ह्यमानवयुक्त पनडुब्बी और अपतटीय संचालन मदर शिपह्ल की उपयोगकर्ता समिति ने दक्षिणी चीन के हाईनान प्रांत के सान्या शहर में वर्ष 2025 में चीन की तीन प्रमुख मानवयुक्त पनडुब्बियों की वार्षिक अनुप्रयोग स्थिति और वर्ष 2026 के लिए प्रारंभिक योजना जारी की।

आंकड़ों के अनुसार, ह्यच्याओलोंगह्ल (ड्रैगन) मानवयुक्त पनडुब्बी से साल 2025 में 93 गोते पूरे करने की उम्मीद है। इस वर्ष 20 दिसंबर तक, ह्यशनहाई योंगशीह्ल (गहरे समुद्र का योद्धा) ने 106 गोते पूरे कर लिए हैं, और ह्यफेंतोउचेह्ल (प्रयासकर्ता) ने 115 गोते पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2025 तक, तीनों मानवयुक्त पनडुब्बियों को मिलाकर, चीन द्वारा 314 मानवयुक्त गहरे समुद्र में गोते पूरे करने की उम्मीद है, जो देश की मानवयुक्त पनडुब्बियों के अनुप्रयोग स्तर में निरंतर सुधार को दशार्ता है।

वर्तमान तक, चीन की तीन गहरे समुद्र में चलने वाली मानवयुक्त पनडुब्बियों ने कुल



1,746 गोते पूरे कर लिए हैं, और यह संख्या 2026 तक 2,000 से अधिक होने की उम्मीद है। बताया गया है कि 15वीं पंचवर्षीय योजना (2026-2030) अवधि के दौरान, चीन से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने मानवयुक्त और मानवरहित गहरे समुद्र में चलने वाले पनडुब्बी उपकरणों का लाभ उठाकर अधिक संयुक्त घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभियानों का आयोजन करेगा, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग को और बढ़ावा देगा, और देश के गहरे समुद्र में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और उपकरण अनुप्रयोग को आगे बढ़ाएगा।

## बढ़ती हिंसा के बीच यूनुस को झटका, गृह मंत्रालय के विशेष सहायक चौधरी ने दिया इस्तीफा

» **ढाका, यूटर्न/ 25 दिसम्बर।**

बांग्लादेश में जारी भारी अशांति और हिंसा के बीच मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को एक और बड़ा झटका लगा है। गृह मंत्रालय के विशेष सहायक और पूर्व पुलिस महानिदेशक खुदाबख्श चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने स्वीकार कर लिया है। खुदाबख्श चौधरी की नियुक्ति नवंबर 2024 में की गई थी, लेकिन देश के बिगड़ते हालातों के बीच उनका पद



छोड़ना सरकार की स्थिरता पर सवाल खड़े कर रहा है। यह इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब देश में हिंसक घटनाएं चरम पर हैं। हाल ही में विद्रोह के नेता उस्मान हादी की मृत्यु के बाद उपजे तनाव ने पूरी राजधानी को अपनी चपेट में ले लिया है। ढाका के एक चर्च के पास हुए बम हमले में एक व्यक्ति की जान जाने से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। हिंसा की इस नई लहर में उग्र भीड़ ने देश के दो प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया और दशकों पुराने सांस्कृतिक संगठनों के दफ्तरों में भी भारी तोड़फोड़ की गई। विशेष सहायक का यह इस्तीफा अंतरिम सरकार के भीतर बढ़ते असंतोष का संकेत माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में सरकार के कई महत्वपूर्ण सलाहकार और छात्र नेता अपने पदों से त्यागपत्र दे चुके हैं। यह राजनीतिक अस्थिरता इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि बांग्लादेश में फरवरी 2026 में आम चुनाव प्रस्तावित हैं।

जुलाई 2024 में पिछली सरकार के पतन के बाद यह पहला राष्ट्रीय चुनाव होगा, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराना अंतरिम सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

शासन के भीतर लगातार होते इस्तीफे और सड़कों पर बढ़ती अराजकता ने यूनुस सरकार की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता पर गंभीर दबाव डाल दिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *